# प्रदेश में भयमुक्त माहौल बनाना हमारी मुख्य प्राथमिकता : भजनलाल शर्मा



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को अपने कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सभी संभागीय आयुक्त, जिला कलैक्टर, पुलिस महानिरीक्षक व अधीक्षकों के साथ बैठक की।

- नियमित रूप से जनसुनवाई के साथ अस्पतालों, स्कूलों और कार्यालयों के औचक निर्देश दिये
- 'हर घर नल से जल हमारी प्राथमिकता, जल जीवन मिशन को मिले गति'

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों की पालना सुनिश्चित करें ताकि आमजन का सरकार के प्रति विश्वास बना रहे। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से जनसुनवाई सुनिश्चित करने, परिवादों के त्वरित निस्तारण, उनकी मॉनिटरिंग करने तथा फीडबैक लेने के निर्देश दिए। साथ ही, बिजली तथा पेयजल आपूर्ति की स्थिति, चिकित्सा सुविधाएं, जल जीवन मिशन की प्रगति, विकसित भारत संकल्प यात्रा, कानून-व्यवस्था तथा अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों की उच्च स्तरीय समीक्षा की।

शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री कार्यालय पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समस्त संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर, पुलिस महानिरीक्षक एवं जिला पुलिस अधीक्षक की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनकल्याण को अपना ध्येय मानते हुए प्रदेश के विकास के लिए प्रयासरत है। हमारे इन प्रयासों को धरातल पर उतारने में आपकी अहम भूमिका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी नियमित रूप से जनसुनवाई करें ताकि परिवादियों को अपनी परेशानी लेकर जयपुर नहीं आना पड़े। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का पूर्ण संतुष्टि के साथ त्वरित निस्तारण करें तथा जिला स्तर पर हो रही दैनिक जनसुनवाई की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। सभी जिलों में जनसुनवाई का समय सुनिश्चित कर परिवादियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं दुरूस्त की जाएं।

शर्मा ने कहा कि राजस्व से संबंधित लंबित मामलों को भी जल्द सुलझाने के प्रयास करें। साथ ही, ऐसे लंबित मामलों की सूची बनाकर उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को राजकीय भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट, उपखंड कार्यालयों, तहसील कार्यालयों और नगरपालिकाओं में ई-फाइल प्रणाली को क्रियान्वित करें ताकि अधिकतम फाइलों का निपटारा हो। मुख्यमंत्री ने रबी फसल हेतु बिजली सप्लाई स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों को रबी सीजन में सुचारू रूप से बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करें। शर्मा ने अधिकारियों को बिजली की उपलब्धता तथा बिजली छीजत कम करने के संबंध में निर्देश दिए।

शर्मा ने कहा कि विद्यालयों और चिकित्सालयों में स्वच्छता संबंधी जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्यालयों, अस्पतालों तथा शिक्षण संस्थानों में सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए और समय-समय पर औचक निरीक्षण किया जाए जिससे जरूरतमंदों को राहत मिले। शर्मा ने कहा कि निरक्षरता को घटाने का प्रयास करें तथा शिक्षा की गुणवत्ता की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से श्री अन्नपूर्णा रसोईयों का भी औचक निरीक्षण किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन में लक्ष्य को प्राप्त करने की मॉनिटरिंग करते हुए कार्य में तेजी लाएं। जल जीवन मिशन के तहत होने वाले कार्यों का फील्ड में जाकर निरीक्षण करें ताकि वास्तविक कार्य और वस्तुस्थिति के बारे में स्थिति स्पष्ट हो। उन्होंने कहा कि इस योजना में व्यय होने वाली राशि की मॉनिटरिंग की जाए ताकि धन का सदुपयोग हो एवं अधिकतम लोगों तक नल से जल का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। साथ ही, पानी की चोरी तथा अवैध कनेक्शन के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करें। शर्मा ने कहा कि सभी जिला अधिकारी अपने-अपने जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा यह यात्रा शुरू की गई है। इसमें राजस्थान विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल है। हमें आगे भी यात्रा की सफलता को सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था को सुचारू रखने और आमजन को न्याय दिलवाने की जिम्मेदारी आपके कंधों पर है। पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा हो और अपराधियों में कानून का इकबाल कायम हो। शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया की वजह से उत्पन्न होने वाली अप्रिय स्थिति को रोकने पर भी ध्यान केन्द्रित करें। महिलाओं और बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों पर लगाम लगाने के लिए विशेष मुस्तैदी बरती जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्यशैली को आधुनिक, पब्लिक फ्रेंडली एवं प्रो-एक्टिव बनाना होगा। जिला पुलिस अधीक्षक थानों का निरीक्षण करें तथा नियमित रूप से सीएलजी की बैठक सुनिश्चित करें।

शर्मा ने कहा कि जेलों में बंद अपराधियों द्वारा गैंग ऑपरेशन पर रोक लगाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशभर की जेलों का भी औचक निरीक्षण किया जाए तथा जेलों में मोबाइल के उपयोग पर प्रभावी रोक लगाई जाए। इस हेतु अत्याधुनिक जैमर लगाए जाना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व अपर्णा अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, प्रमुख शासन सचिव पर्यटन गायत्री राठौड़, डिस्कॉम अध्यक्ष भानु प्रकाश एटूरू, शासन सचिव जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी समित शर्मा, शासन सचिव प्रशासनिक सुधार गौरव गोयल, शासन सचिव खान एवं पेट्रोलियम आनंदी सहित विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल-2024 की शानदार शुरूआत




उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने होटल क्लार्क्स आमेर में गुरूवार को जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का उद्घाटन किया।

**जयपुर**, (का.सं.)। दुनिया के सबसे बड़े साहित्यिक शो, सैमसंग गैलेक्सी टैब 9 सीरीज जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2024 की शुरुआत आज होटल क्लार्क्स आमेर, जयपुर में शानदार कार्यक्रम के साथ हुई। फेस्टिवल के पहले दिन की शुरुआत पंडित कुमार गंधर्व की जन्म शताब्दी पर सुरों के साथ उनको नमन करने से हुई।

इस अवसर पर, प्रसिद्ध हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायिका और कुमार गंधर्व की पुत्री, कलापनी कोमकली ने कुमार गंधर्व की कुछ कालजयी नज़्में प्रस्तुत की। कुमार गंधर्व की रचना 'उड़ जाएगा हंस अकेला' वास्तव में इस क्षणभंगुर संसार का रहस्य खोल देती है। फिर नाथू लाल के नगाड़े की थाप और शंख की जोरदार ध्वनि ने घोषित कर दिया कि फेस्टिवल की इससे ज़्यादा ऊर्जावान शुरुआत हो ही नहीं सकती थी।

फेस्टिवल के प्रोड्यूसर और टीमवर्क आर्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर संजॉय के. रॉय ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल की शुरुआत और अपने लक्ष्य को दोहराते हुए कहा, वर्तमान समय में जहाँ भिन्न-भिन्न देशों और समाजों में ध्रुवीकरण ज़्यादा मुखर हो रहा है, ऐसे में साहित्य ही है जो लोगों को एक-दूसरे के करीब लाता है।

उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा, जयपुर और फेस्टिवल एक-दूसरे के पर्याय हैं। आपने इस फेस्टिवल के माध्यम से जयपुर को वर्ल्डमैप पर हाईलाइट कर दिया है। साहित्य आज के समय की मांग है। और इस फेस्टिवल ने सिर्फ साहित्य को ही नहीं, जयपुर के टूरिज्म को भी बहुत सपोर्ट किया है। आज लोग अपनी कांफ्रेंस और बिजनेस मीटिंग्स जयपुर में फेस्टिवल के अनुसार प्लान करते हैं, ताकि वो इसका अनुभव ले सकें।

लेखिका और जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल की फाउंडर व को-डायरेक्टर, नमिता गोखले ने कहा, हर साल मैं फेस्टिवल के लिए एक उपमा चुनती हूँ और इस बार मैं फिर से कथासरित्सागर पर लौटती हूँ... ये फेस्टिवल हमारी बदलती दुनिया को समझने का प्रयास है। हम विचार और संवाद का इंद्रधनुष पेश करेंगे।

# एक बार फिर भिड़े राठौड़ और डोटासरा, एक-दूसरे पर किए वार

- राठौड़ ने लिखा, ''इतना भी गुमान न कर अपनी जीत पर ऐ बेखबर''
- डोटासरा ने दिया जवाब, ''माफिया के दाग़ में कब तक ओढ़ोगे शराफ़त''

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजेंद्र राठौड़ नेता प्रतिपक्ष थे और गोविंद सिंह डोटासरा शिक्षा मंत्री उसके बाद डोटासरा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बन गए लेकिन इन दोनों नेताओं के बीच बयान बाजी से लेकर सोशल मीडिया वर लगातार जारी रहा अब विधानसभा चुनाव समाप्त हो चुके हैं लेकिन इन दोनों नेताओं के बीच जुबानी जंग जारी है और एक बार फिर दोनों नेताओं ने सोशल मीडिया पर एक दूसरे को जवाब दिया है।

गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ सोशल मीडिया पर एक-दूसरे पर शायराना अंदाज में तंज कसे हैं। राठौड़ ने जहां डोटासरा को जीत पर गुमान नहीं करने की बात लिखी, तो डोटासरा ने भी उनकी चुनावी हार पर इशारा करते हुए व्यंगात्मक जवाब दिया है। दरअसल पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि ''इतना भी गुमान न कर अपनी जीत पर ऐ बेखबर, शहर में तेरी जीत से ज्यादा चर्चे तो मेरी हार के हैं। सीकर वाले नेताजी, इतना भी अहंकार ठीक नहीं है। हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू है। अभी एक परीक्षा और बाकी है। युवा आज भी पूछ रहे हैं- एक ही परिवार से 4-4 आरएएस बनना संयोग था या फिर प्रयोग? युवाओं के सपनों के सौदागरों को माफ नहीं किया जाएगा। इसका जवाब तो देना ही पड़ेगा।''

राजेंद्र राठौड़ की ओर से सोशल मीडिया पर यह लिखे जाने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जवाब देते हुए लिखा है कि ''गलतफहमी न पाल, ये जनता का पर्चा है। तेरे सिर्फ टोल, बजरी, भूमाफिया होने की चर्चा है। काश... अवैध अड्डों से इतर तारानगर वाले नेताजी की जनता में भी चर्चा रहती तो जवाब सदन में मिलता। और हां... अहंकार नहीं, स्वाभिमान है! हमारे यहां बच्चों को मेहनत करने और पढ़ने की शिक्षा दी जाती है। बजरी और शराब के धंधे की नहीं। अगली परीक्षा के लिए शुभकामनाएं।'' इसके बाद फिर राठौड़ ने लिखा है कि ''बेरोजगारों का पर्चा लीक करने में भी मेहनत होती है, यह अजीबोग़रीब कहानी आपकी अदा से ही क्यों बयाँ होती है। गरीबों के सपने कुचलने में कैसा स्वाभिमान? गफलतों में डूबी तुम्हारी जिंदगी में नफरत की आग जमा है। गली गली में चर्चे है तेरे ''क़लामों'' के, पर ''कलामों'' के पन्नों पर कई दाग जमा है। राजनीति में आलोचना-समालोचना जमकर करो, लेकिन ये गुंजाइश रहे कि मर्यादाहीन भाषा आने वाली पीढ़ी को हिबा ना हो और जब कभी नजरें मिले तो हम शर्मिंदा ना हों...'' इसके बाद एक बार फिर जवाब देते हुए डोटासरा ने लिखा कि ''अपने पे बात आए तो मर्यादा याद आए, औरों पर झूठे लांछन लगाएं तो सारी मर्यादा भूल जाएं। कीचड़ उछालकर कीचड़ से कौन बचा है, मर्यादित रहना ही मर्यादा का उसूल सच्चा है। माफिया के दाग़ में कब तक ओढ़ोगे शराफ़त, फिर कहता हूं....आलोचना और आरोप के फ़र्क में रखो ज़रा नज़ाकत। जिन बच्चों ने दिन रात मेहनत कर आपकी सरकार के समय आरएएस परीक्षा पास की, उनकी मेहनत पर खिल्ली उड़ाकर झूठे आरोप 3 साल से लगा रहे हो, सिर्फ झूठा हल्ला मत मचाओ, है दोनों जगह सरकार तुम्हारी दिल खोलकर जांच करवाओ।''

दरअसल इन दोनों नेताओं में यह बहस इसलिए शुरू हुई कि डोटासरा ने 31 जनवरी को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री के उस बयान पर पलटवार किया था जिसमें मुख्यमंत्री ने पूछा था कि डोटासरा कौन सी चक्की का आटा खाते हैं। इसके जवाब में डोटासरा ने कहा था कि मुख्यमंत्री पूछ रहे थे कौन-सी चक्की का आटा खाते हैं, जो 4-4 आरएएस बन गए? तारानगर से लड़ने वाले नेताजी से पूछ लीजिए कौन-सी चक्की का आटा खाया है। वे ही पूछते थे कि कौन-सी चक्की का आटा खाया है। अब उनसे पूछ लीजिए।

## डॉ. अमर सिंह राठौड़ को भार्या शोक

**जयपुर** (कासं)। सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के सेवानिवृत निदेशक डॉ. अमर सिंह राठौड़ की धर्मपत्नी (भार्या) इन्दर कँवर का 31 जनवरी को निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्री अनु और रचना, दोहित्र-दौहित्रियों समेत भरा पूरा परिवार छोड़कर गईं है। उनकी तीये की बैठक 2 फरवरी को शाम 3 से 4 बजे तक निवास स्थान टोंक रोड पर गोपालपुरा पुलिया के पास महावीर नगर स्थित एस-134 पर होगी।

## जयपुर से अयोध्या के लिए सीधी फ्लाइट

**जयपुर**। भगवान राम के भक्तों के लिए एक अच्छी खबर है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के प्रयासों से जयपुर से अयोध्या के लिए गुरुवार से सीधी फ्लाइट की शुरुआत हो गई है। ऐसे में जयपुर से अयोध्या के लिए सप्ताह में चार दिन फ्लाइट उड़ान भरेगी। वहीं, अब फ्लाइट से महज 1.45 घंटे में दर्शनार्थी अयोध्या पहुंचेंगे।

# अंतरिम बजट था, लेकिन जो भाषण वित्तमंत्री ने दिया वो एक चुनावी भाषण लगा : पायलट

- डोटासरा ने बजट को बताया निराशाजनक

**जयपुर**, (का.प्र.)। कांग्रेस विधायक सचिन पायलट ने कहा कि यह अंतरिम बजट था लेकिन जो भाषण वित्त मंत्री दिया वो मुझे एक चुनावी भाषण लगा। अगर अपनी सरकार का गुणगान ही करना है,वो तो हर सभा मे भाजपा के नेता करते है।

पायलट ने कहा कि मुझे उम्मीद थी की अंतरिम बजट मे भी ऐसे कदम ले सकते थे। उसमे लोगो को राहत मिलती। ना तो उसमे महंगाई कम करने के उपाय बताए गये है ना रोजगार पर ध्यान केंद्रित किया गया है। ले देकर सिर्फ अपना गुणगान किया गया है और अपनी पीठ थपथपाई है। पुरे इस भाषण मे कुछ ऐसा निकल कर नहीं आया है। जिससे जनता को कोई उम्मीद जग सकती है। जिस प्रकार यह सरकार कह रही है की अगला बजट हम बाद मे पेश करेंगे, उससे कही ना कही अति आत्मविश्वास दिखता है। सरकार के पास, वित्त मंत्री के पास एक ऐसा मौका था। किसानो के लिए, नौजवान के लिए, मध्यम वर्ग के लिए कोई राहत नहीं दी गई है और जब आप कहते अर्थव्यवस्था इतनी अच्छी चल रही है। लेकिन मध्यम वर्ग के लिए विद्यार्थियों के लिए किसानो के लिए,नौजवानो के लिए कोई राहत सहायता कोई आर्थिक मदद का कोई प्रावधान नहीं है।

अधिकांश बजट मे अपना गुणगान किया अपनी कार्यकाल की सफलताओ को किया। जैसे राष्ट्रपति के अभिभाषण को भी राजनैतिक भाषण की तरह इस्तेमाल किया। आज की जो बजट का भाषण भी पूरी तरह राजनीति की तरह और चुनावो को लेकर भाषण दिया गया। आगे कहा की यहां बात सिर्फ कांग्रेस पार्टी की नहीं है जो देश मे चल रहा है विपक्ष की पार्टी के नेताओं को जबरदस्ती झूठे केस लगाकर दबाव बनाकर एजेंसीस का दुरूपयोग कर कर उनको घेरने की कोशिश की जा रही है उनका चरित्र हरण किया जाता है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने देश में बढती महंगाई एवं बेरोजगारी को कम करने के लिए ना तो कोई प्रावधान किया ना ही कोई उपाय किए। उन्होंने कहा कि देश की आम जनता, मध्यम वर्ग, नौकरी पेशा वर्ग को किसी प्रकार की करों में कोई राहत प्रदान नहीं की गई, जबकि कॉरपोरेट टैक्स को घटाकर देश में आर्थिक असमानता को बढ़ाने का ही कार्य किया है। पेट्रोल डीजल पर लगने वाली एक्सरसाइज अथवा अन्य करों में किसी प्रकार की कमी नहीं कर केंद्र सरकार ने आम आदमी को निराश करने का ही है कार्य इस बजट में किया है।

# आम जन का बजट है, जो भारत के जन जन के भविष्य को निखारेगा : सी.एम.

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व परिवर्तन आया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने 10 साल के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। खाद्यान्न की चिंताओं को दूर कर 80 करोड़ से अधिक लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया है। हम लोगों को सशक्त बनाने का काम कर रहे हैं। हमने भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को खत्म किया है। 7 आईआईटीएस, 16 ट्रिपल आई टीएस, 15 एआईआईएमएस और 7 आईआईटएम्स खोले गए हैं। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 78 लाख स्ट्रीट वेंडरों को ऋण सहायता प्रदान की गई है, उनमें से कुल 2.3 लाख को तीसरी बार ऋण प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री ने बजट प्रतिक्रिया मे कहा कि लोक सभा में प्रस्तुत 2024 का अंतरिम बजट प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा था कि भारत में चार जातियाँ ही है-गरीब, महिलाएं, युवा और किसान। इन सभी की आवश्यकताएं, आकांक्षाएं और कल्याण करना ही केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

यह बजट आम जनता का बजट है जो भारत के जन जन के भविष्य को निखारेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विशेष रूप से इस बजट में रेल-हवाई क्षेत्र में वृद्धि की संभावनाएँ ,आम आदमी को और अधिक आवास, आयुष्मान योजना के तहत चिकित्सा क्षेत्र में वृद्धि, राज्यों को 75,000 करोड़ का कर्ज़, हाउसिंग क्षेत्र में प्रगति, रोज़गार के 55 लाख नए अवसर, सर्वाइकल कैंसर के लिए 9-14 साल की बच्चियों का टीकाकरण, धार्मिक पर्यटन एवं पर्यटकों में बढ़ोतरी की नई असीम संभावनाएं पैदा होंगी। देश की सीमाएं और अधिक मज़बूत करने के लिए जो रक्षा बजट पेश किया उसकी मैं प्रशंसा करता हूँ।

सांसद रामचरण बोहरा ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चुनावी वर्ष होने के बावजूद भी यह बजट देश के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। यह आम आदमी के सपनों को साकार करने वाला बजट है, इसमें सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखा गया है। यह बजट आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित करता है।

केंद्र सरकार के अंतरिम बजट 2024-25 को सर्व समावेशी, सर्व स्पर्शी और जन हितैषी बताते हुए भाजपा ने इसे विकसित भारत-2047 की संकल्पना पर आधारित बताया है। भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अंतरिम बजट में पर्यटन स्थलों के विकास के लिए ब्याज मुक्त कर्ज देने की घोषणा की गई है। भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि फसलों पर नैनो डीएपी का इस्तेमाल होगा।

अंतरिम बजट 2024-25 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा शुक्रवार को लोकसभा में प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया करते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने यह बात कही। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस अंतरिम बजट में भी पिछले 10 वर्षों की भांति देश की अर्थव्यवस्था व आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया है। इसके साथ ही बजट में युवाओं, महिलाओं, वंचितों एवं अन्नदाताओं पर विशेष फोकस किया गया हैं।

केंद्र की मोदी सरकार के अंतरिम बजट पर भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने प्रतिक्रिया में कहा कि, देश की मोदी सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज भारत का अंतरिम बजट पेश किया है, अंतरिम बजट वह दस्तावेज होता है जिसमें सरकार अपनी उपलब्धियों को परिलक्षित करती है।

पिछले दस वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था सकारात्मक दिशा में है और इस बजट में यह साफ तौर पर दिखता है कि अब भारत आत्मनिर्भर है, आने वाले समय में 2047 में भारत विकसित भी होगा, उसी संकल्प के साथ इस अंतरिम बजट को पेश किया है, मुख्य बजट जुलाई में आएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे कहते हैं कि, 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास,' तो एक तरीके से सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी यह बजट साफ तौर पर दिखता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए अंतरिम बजट को शानदार और दमदार बताते हुए महिला सशक्तिकरण और गरीब कल्याण के साथ किसान, युवा सहित समाज के सभी वर्गों के उत्थान का सर्व सपर्शी बजट बताया।

बजट में वोट की राजनीति नहीं, हर वर्ग के सपने पूरे होने की गारंटी है और ये मोदी जी की गारंटी है, जिन पर देश भरोसा करता है। बेहतर से बेहतर चुस्त प्रशासन, सबका विकास और सारे क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन का प्रयास इसे परिभाषित करते हैं। इस बजट के दायरे से कोई छूटा नहीं।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने गुरुवार को वक्तव्य जारी कर कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा सदन में प्रस्तुत केंद्रीय अंतरिम बजट 2024-25 में विकसित भारत के लक्ष्य के विस्तृत रोडमैप के साथ सर्वांगीण और सर्वसमावेशी विकास निहित है। राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गुरुवार को संसद में प्रस्तुत केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को सर्वस्पर्शी, समावेशी और गरीब कल्याण करने वाला बजट बताते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाला बजट बताया है।


नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्री सुमनेश मरोलिया पुत्र श्री तेजपाल मरोलिया एवं श्रीमती संतोष मरोलिया पत्नी श्री सुमनेश मरोलिया निवासीगण मकान संख्या 278/बी-5, हाथी बाबू का बाग, बाल्टी कारखाने की गली, बनीपार्क जयपुर का व्यवहार मेरे अभिभाष्यगण के प्रति सही नहीं है तथा वह मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नहीं है तथा वह गलत संगत में है इसलिए मेरे अभिभाष्यगण ने अपने पुत्र हेमन्त मरोलिया को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा अब मेरे अभिभाष्यगण का अपने उक्त पुत्र से किसी भी प्रकार का लेना-देना एवं रिश्ता नहीं है, मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र हेमन्त मरोलिया से कोई भी लेन-देन एवं संव्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
जयपुर (प्रमोद कुमार पारीक) एडवोकेट
दिनांक-1.2.2024 मो. 9828934344

**राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर**
5वीं व 6वीं मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone: 0141-2741805 Email: rsehfjaipur@yahoo.com
क्रमांक-1220/24 दिनांक- 01.02.2024
**आम सूचना** संघ की आवासीय योजना केसरीचन्द चौधरी नगर, अजमेर रोड, जयपुर का फ्लैट संख्या-5/135 श्री गोपाल सिंह पुत्र श्री नारायण सिंह द्वारा दिनांक 28.02.2013 मय रजिस्ट्री के क्रय किये जाने पर संघ द्वारा दिनांक 01.05.2013 को प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उपरोक्त फ्लैट श्री गोपाल सिंह पुत्र श्री नारायण सिंह के नाम ट्रांसफर किया गया। श्री प्रभुदयाल जांगिड पुत्र श्री मूलचन्द द्वारा 20.01.2016 को मय रजिस्ट्री के उक्त फ्लैट क्रय किया गया एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर उपरोक्त फ्लैट अपने नाम ट्रांसफर कराने हेतु निवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त फ्लैट पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त फ्लैट संख्या 5/135 श्री प्रभुदयाल जांगिड पुत्र श्री मूलचन्द के नाम हस्तान्तरण कर दिया जावेगा।
(ज्योति गुप्ता) प्रबंध निदेशक

**आम सूचना** हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण हिमांगिनी राठौड पुत्र श्री चन्द्र शेखर राठौड एवं अनुसुईया राठौड पत्नी श्री चन्द्र शेखर राठौड निवासीगण-499, नेमी सागर कॉलोनी, क्विंस रोड, वैशाली नगर, जयपुर कुल क्षेत्रफल 240 वर्गगज उक्त सम्पत्ति के आवंटन के समय से सम्पूर्ण सम्पत्ति पर मेरी अभिभाष्यगण काबिज है एवं निवास करती आ रही है जिसमें से फर्स्ट फ्लोर की मालकिन, अनुसुईया राठौड है और ग्राउण्ड फ्लोर व उस पर बनी तामीरात व भूखण्ड की आधी भूमि का चन्द्रशेखर राठौड एचयूएफ के कर्ता है जिसमे मेरी अभिभाष्यगण उक्त सम्पत्ति में सहदायिका व काबिज है। इसलिये सर्वजन को सूचित किया जाता है कि वह उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति का क्रय करने से पूर्व बिना मेरी अभिभाष्यगण की सहमति बिना कोई भी क्रय सम्बन्धी कार्यवाही एवं अन्तरित आदि नहीं करें। इसलिये मेरी अभिभाष्यगण की बिना भौतिक उपस्थिति के एवं बिना उनकी सहमति के कोई भी लिखावट या करार मान्य नहीं होगा। अगर किसी दीगर व्यक्ति, बैंक, संस्था, कम्पनी आदि के द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय करने लीज पर देने, लीज राशि प्राप्त करने, मोरगेज आदि सम्बन्धी कार्यवाही की जाती है तो इस प्रकार की कार्यवाही निष्प्रभावी, शून्य मानी जावेगी।
जयपुर (कमलकान्त शर्मा) एडवोकेट
दिनांक-1.2.2024 मो. 9929530529

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-16026 दिनांक-01.02.2024
**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 172/104 (EWS), (एरिया 42.75 वर्गमिटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री श्याम सुन्दर पुत्र श्री रिझाराम को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1129 दिनांक 31.05.2000 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 4062 दिनांक 13.11.2000 को जारी किया गया। श्री पदम सिंह पुत्र श्री नारायण सिंह के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 958/4625 दिनांक 12.12.2007 के द्वारा किया गया। श्री पदम सिंह के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 19.01.2008 को उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री पदम सिंह द्वारा उक्त आवास का विक्रय दिनांक 30.03.2009 को श्री तेजकरण पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण के नाम किया जाकर विक्रय पत्र उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्री तेजकरण द्वारा उक्त आवास का विक्रय दिनांक 03.07.2014 को श्री शंकर मित्तल पुत्र श्री ब्रह्मानन्द मित्तल के नाम किया जाकर विक्रय पत्र उप पंजीयक-द्वितीय, जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्री शंकर मित्तल द्वारा उक्त आवास का विक्रय दिनांक 30.08.2022 को आयुषी अग्रवाल पुत्री श्री बिहारी लाल गुप्ता एवं श्री सुनील कुमार गुप्ता पुत्र श्री बाबु लाल गुप्ता के नाम किया जाकर विक्रय पत्र उप पंजीयक-द्वितीय, जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, आयुषी अग्रवाल पुत्री श्री बिहारी लाल गुप्ता एवं श्री सुनील कुमार गुप्ता पुत्र श्री बाबु लाल गुप्ता का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

**आम सूचना** हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण हिमांगिनी राठौड पुत्र श्री चन्द्र शेखर राठौड एवं अनुसुईया राठौड पत्नी श्री चन्द्र शेखर राठौड निवासीगण-499, नेमी सागर कॉलोनी, क्विंस रोड, वैशाली नगर, जयपुर की सामलाती एवं एचयूएफ की सम्पत्तियां है जिनका विवरण निम्न प्रकार से है- 1. प्लाट संख्या 74-ए, स्कीम महादेव नगर, गांधीपथ, वैशाली नगर, जयपुर, 2. अमारा केडिया यूनिट नम्बर 57 जिसका कारपेट ऐरिया 108.29 वर्गमीटर है जो कि ग्राम कनकपुरा सिरसी रोड, जयपुर पर स्थित है।, 3. केडिया अनन्त विला एस-18, जिसका कारपेट ऐरिया 59.97 वर्गमीटर है एवं विला एल-19 कॉरपेट ऐरिया 59.97 वर्गमीटर है तथा उपरोक्त वर्णित सम्पत्तियां एवं अचल सम्पत्तियां जो कि चन्द्रशेखर राठौड ने जरिये एचयूएफ क्रय की गयी सम्पत्तियां है मेरी अभिभाष्यगण के एकमात्र उत्तराधिकारी है एवं उक्त एचयूएफ के सहदायी है। अभी वर्तमान में मेरे अभिभाष्यगण के पिता एवं पति वृद्धावस्था के कारण उनकी मानसिक एवं शारीरिक स्थिति ठीक नहीं है। इसलिये मेरी अभिभाष्यगण की बिना भौतिक उपस्थिति के एवं बिना उनकी सहमति के कोई भी लिखावट या करार मान्य नहीं होगा। अगर किसी दीगर व्यक्ति, बैंक, संस्था, कम्पनी आदि के द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय करने लीज पर देने, लीज राशि प्राप्त करने, मोरगेज आदि सम्बन्धी कार्यवाही की जाती है तो इस प्रकार की कार्यवाही निष्प्रभावी, शून्य मानी जावेगी।
जयपुर (कमलकान्त शर्मा) एडवोकेट
दिनांक-1.2.2024 मो. 9929530529

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**
मण्डल रेल प्रबन्धक, इन्जीनिरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: ई.-जेपी-2023-24-119. कार्य का नाम:** व.म. इन्जी.-दक्षिण-सेक्शन-सहा.म. ईन्जी लाईन के जयपुर-फुलेरा सेक्शन मे एल.सी.-235 के अवज मे 4.50x 4.50 मी. साईज का आर.यु.बी.- एल.एच.एस. एवं .सहा. म. ईन्जी-फुलेरा के फुलेरा-जोधपुर सेक्शन मे एल.सी. 1 के एवज मे 5.00X2.50 मी. का आर.यु.बी./ एल.एच.एस. का प्रावधान करने का कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 7,42,99,216.74. **बिड प्रतिभूति राशी:** रु. 5,21,500.00. 1) उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विविरण वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड-मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। 2) निविदा संख्या **ईजी/जय/2023-24/119.** की बन्द होने की तिथि **23.02.2024** समय **15:30** बजे एवं खुलने की तिथी **23.02.2024** समय **16.00** बजे। **130-AK/24**
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम)**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस समस्त संबंधित व्यक्तियों को**
**(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**
मुकदमा नंबर 07/2024
चूंकि श्री जगदीश नारायण स्वामी अध्यक्ष प्रन्यास श्री गोपाल मंदिर ट्रस्ट, रामचन्द्रपुरा (विधाणी) तहसील सांगानेर जयपुर जिसका पंजीयन कमाक 17 जयपुर 2005 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत न्यास के मंत्री श्री सत्यनारायण स्वामी का दिनांक 21.11.2023 को निधन हो जाने के कारण उनके नाम प्रन्यास विलेख से हटाने व नवीन सदस्यों की नियुक्ति कर उनके नाम प्रन्यास विलेख में जोड़ने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन पत्र दिया है। अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुए परिवर्तन / संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा। आज दिनांक 12/1/24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी गया। आइदा तारीख पेशी 15/2/24 **आकाश रंजन (आर.ए.एस)**
**187-89** **सहायक आयुक्त (प्रथम),**
**16-01-2024** **देवस्थान विभाग, जयपुर**

**खोया पाया**

मैं अथार्त विनोद कुमार शर्मा पुत्र श्री नागरमल शर्मा निवासी 117/99, मानसरोवर के मूल प्रोपर्टी कागजात (अलॉटमेंट लेटर) कहीं गिर गये हैं। मिलने पर सूचित करें। 7976474153

जेडीए की स्कीम गोविन्दपुरा सांगानेर जयपुर हाउस नं. 1390 मूल आवंटन पत्र एवं मूल रसीद जयपुर में खो गई है। आवंटन पत्र क्रमांक ZONE-4/2003/D-832 दिनांक 12.10.2003 रसीद संख्या बुक नं. 292 दिनांक 29.09.2003 सूचित करें। प्रेम देवी-7976202260, 9928569972

मेरे मकान सं. 267/539, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल कार्यालय आदेश कहीं गुम हो गया है मिलने पर सम्पर्क करें-सतीश चन्द गुप्ता-9414319834

**नाम परिवर्तन**

मैं शांति स्वरूप पुत्र श्री बिन्दाराम मैंने अपना नाम शान्ती स्वरूप राजोरिया से बदलकर शांति स्वरूप रख लिया है भविष्य में मुझे शान्ती स्वरूप के नाम से जाना जावें। निवासी 57-ए, शिवाजी नगर, बुधसिंहपुरा, प्रताप नगर, जयपुर

मैंने अपना नाम सरोज वर्मा से बदलकर श्रेया जैन रख लिया है, भविष्य में मुझे श्रेया जैन नाम से ही जाना जाये, पता-119/460, थड़ी मार्केट, मानसरोवर, जयपुर

मैंने अपना Mohammed Shakir से बदलकर Mohmmed Shakir Shamsi पुत्र श्री अब्दुल समद निवासी 2872 एमएसबी का रास्ता, पाँचवा चौराहा, जौहरी बाजार जयपुर रख लिया है भविष्य में मुझे Mohmmed Shakir Shamsi नाम से जाना पहचाना जावें।

मैंने अपना नाम प्रतिभा से बदलकर प्रतिभा बैनीवाल पत्नी श्री विजय सिंह बैनीवाल निवासी आत्माराम पी.जी. कॉलेज, बस्सी, जयपुर कर लिया है। भविष्य में प्रतिभा बैनीवाल के नाम से जाना पहचाना जाए।

मैं सुनीता गुप्ता जिसका कक्षा 10 की अंकतालिका में नाम गुप्ता सुनीताबेन रामबाबू है। मेरी शादी श्री अनिल गुप्ता निवासी 66/31 हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान से हुई है अतः अब मेरा नाम और पता इस प्रकार से है सुनीता गुप्ता पत्नी श्री अनिल गुप्ता, निवासी 66/31, हीराथ मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान-302020 है। मुझे इसी से जाना जाए।